'के.ई.डी.एल. बिजली आपूर्ति और जनता की समस्या के निदान करने में असफल रही'

■ लोकसभा अध्यक्ष और ऊर्जा मंत्री ने 132 के.वी. व 33 के.वी. जी.एस.एस. का लोकार्पण किया

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सोमवार को बोरखेड़ा में विद्युत प्रसारण निगम के 20 करोड़ रूपए की लागत से बने 132 केवी जीएसएस व केईडीएल के 3 करोड़ रुपए से नवनिर्मित 33 केवी जीएसएस का लोकार्पण किया।

बिरला ने कहा कि लाडपुरा में विकास को लेकर योजनाबद्ध तरीके से पक्षपात हुआ है, क्षेत्र व वोट के आधार पर विकास अनुचित है। डबल इंजन की सरकार में लाड़पुरा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का समुचित विकास होगा। क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी साथ ही पानी की समस्या का भी स्थायी समाधान किया जाएगा। बिरला ने कहा कि उन्हें हमेशा लाड़पुरा क्षेत्र की जनता का स्नेह और आशीर्वाद मिला है, लोगों ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में एक बार फिर हमें सेवा का अवसर दिया है, हम मिलकर क्षेत्र में विकास के नए आयाम विकसित करेंगे।

कोटा में जी.एस.एस. लोकार्पण समारोह को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया।

केईडीएल पर जताई नाराजगी, व्यवस्था सुधारें:-स्पीकर बिरला ने निजी बिजली कम्पनी केडीईएल को चेताते हुए कहा कि गर्मी में कम्पनी की लापरवाही के कारण आमजन को परेशानी हुई। केईडीएल बिजली आपूर्ति और जनता की समस्या के निदान करने में असफल रही है। जनता को सुचारू रूप से बिजली मिले, उनकी शिकायतें दूर हो, ये उनकी जिम्मेदारी है। बिरला ने कहा कि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार हो ताकि जनता को भविष्य में परेशानी झेलनी न पड़े।

ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाएंगे:- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने विद्युत तंत्र को मजबूत करने व नए प्लांट लगाने में रूचि नहीं दिखाई, जिसका खमियाजा जनता को भूगतना पड़ा। इंफ्रास्ट्रक्चर के बिना चुनाव में क्षणिक फायदे के लिए किसानों के कनेक्शन के लिए डिमांड नोटिस जारी कर उन्हें ठगा गया। हमने किसानों को राहत देने के लिए काम शुरू कर दिया है, कुसुम योजना का लाभ किसानों को मिलेगा। हमारा संकल्प है कि राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने, राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार से सामंजस्य बनाते हुए कोयले की समस्या को दूर किया है। केंद्र के उपक्रमों के साथ डेढ़ लाख करोड़ से अधिक के एमओयू किए गए हैं, जिससे 32 हजार मेगावॉट उत्पादन होगा।

लाड़पुरा के सपने पूरे करने का समय-स्थानीय विधायक कल्पना देवी ने कहा कि पिछली सरकार ने लाडपुरा के साथ द्वेषतापूर्ण व्यवहार किया, अगर जरूरतमंद के कामों पर पैसा खर्च करते तो जनता को बिजली ट्रिपिंग और फ्लक्चुएशन की समस्या नहीं होती लेकिन अब डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र के अधूरे सपनों को पूरा करेगी। सरकार बनते ही सरकार ने लाडपुरा को स्पेशल पैकेज में 300 बेड का हॉस्पिटल व कॉलेज की सौगात दी है। क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए हम प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। नए जीएसएस के लोकार्पण का लाभ शहर के साथ ग्रामीण अंचल के गांवों को भी मिलेगा।

बड़ी आबादी लाभान्वित होगी:- बोरखेड़ा में जीएसस निर्माण से छीजत में प्रतिवर्ष 29.41 लाख यूनिट तक कमी आएगी साथ ही बोरखेड़ा, दसलाना, कोटा जंक्शन क्षेत्र मे विद्युत आपूर्ति तंत्र सुदृढ़ होगा व बढ़ी हुई लोड मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त केईडीएल द्वारा तीन करोड़ की लागत से बनाए गए जीएसएस से रेलवे स्टेशन, पटरी पार क्षेत्र में रंग तालाब, काला तालाब, अर्जुनपुरा, विकास नगर, संगम विहार, आस्था नगर, महाराणा प्रताप रेजीडेंसी, गुलाबपुरा, रामदास नगर, सुमन विहार, महात्मा गांधी कॉलोनी आदि क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। कार्यक्रम में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, राकेश जैन सहित अन्य पदाधिकारी व अधिकारी मौजूद रहे।

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कल्याण केंद्र का निरीक्षण

बून्दी (निसं)। सोमवार को गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय टीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कल्याण केंद्र) बडा नया गांव का निरीक्षण किया गया। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने बताया की राष्ट्रीय स्तर की टीम बडा नया गांव पीएचसी में दो दिवसीय निरीक्षण के लिए पहुंची, जो 8 व 9 जुलाई को बडा नया गांव पीएचसी के अलग-अलग छह डिपार्मेंटों ओपीडी, आईपीडी, लैब, लेबर रूम, नेशनल प्रोग्राम, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन का गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत निरीक्षण करेगी। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर से आई टीम में डॉ. पंकज वत्स, डॉ. नीलम सिद्दीकी सम्मिलित हैं। सोमवार एवं मंगलवार को होने वाले निरिक्षण की रिपोर्ट टीम द्वारा भारत स्तर पर प्रेषित की जाएगी। डॉ सामर ने बताया की गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत बडा नया गांव बूंदी जिले की चौथी पीएचसी है जिसका राष्ट्रीय स्तर का असेसमेंट किया जा रहा है।

सोमवार को हुए निरीक्षण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राहुल माथुर, ब्लॉक स्तर से बीसीएममो डॉ राकेश मंडोवरा, बीपीएम अशोक वैष्णव, एसटील ,राहुल और जिला स्तरीय क्वालिटी टीम के शोभित गहलोत, जितेंद्र असोलिया, श्याम लाल सोनी शामिल रहे।

सार-समाचार

आस्ताने औलिया पर चादर पेश की

झालावाड़ (निसं)। हजरत ख्वाजा हमीदुद्दीन चिश्ती रअ उर्फ मिठ्ठे महावली गागरोन के उर्स के मुबारक मौके पर आज झालावाड़ कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल ने आस्ताने औलिया पर चादर शरीफ पेश की गई। इस मौके पर पार्षद फारूक अहमद, प्रवक्ता ओम पाठक, पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष नफीस शेख, वरिष्ठ कांगेस कार्यकर्ता पवन जैन, युवा नेता जावेद चौधरी, भगवती प्रकाश मेहर, मंजीत सिह कुशवाह, भारत सिंह, हाजी गामा पहलवान, अबरार अहमद, ताजउद्दीन, बिलाल अहमद व दरगाह शरीफ पर हाजिर जायरीन उपस्थित रहे। चादर पोशी के पश्चात् देश व प्रदेश में अमन चैन, खुशहाली व अच्छी वर्षा व आपसी भाई चारे की दुआएं की गई।

आज गर्भवती महिलाओं की जांच होगी

बून्दी (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 जुलाई मंगलवार को जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ओ पी सामर ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए प्रत्येक माह विभाग की ओर से सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस मनाया जाता है। इसके तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एसडीएच, जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी सामर ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को सभी चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन, एचआईवी, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी।

प्रायोगिक परीक्षाएं 15 जुलाई से

बून्दी (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय, बूंदी में कोटा विश्वविद्यालय कोटा की गृहविज्ञान प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 15 जुलाई से किया जा रहा है। दिनांक 15 जुलाई को बी.ए. तृतीय वर्ष की नियमित एवं स्वयंपाठी छात्राओं के गृह विज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी तथा दिनांक 16.जुलाई को बी.ए. द्वितीय वर्ष की नियमित एवं स्वयंपाठी छात्राओं के गृह विज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। सभी छात्राऐं अपनी परीक्षा दिनांक एवं समय पर आवश्यक रूप से महाविद्यालय में उपस्थित हों। अनुपस्थित रहने पर प्रायोगिक परीक्षा मेंअनुत्तीर्ण माना जाएगा जिसके लिए छात्रायें स्वयं उत्तरदायी होंगी। सभी छात्राएं अपने साथ अपना परीक्षा एडमिशन कार्ड, कॉलेज आई.डी. कार्ड (नियमित छात्रा), प्रेक्टिकल फाईल, पैन आदि साथ लेकर आयें।

युवा मोर्चा कार्यकारिणी का गठन

बून्दी (निसं)। वन यात्रा महोत्सव 2024 को लेकर श्री द्वारकाधीश मंदिर प्रबंध सेवा समिति फूल माली समाज की बैठक मंदिर परिसर में संपन्न हुई। प्रवक्ता गौतम सैनी ने बताया समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश सुमन ने समिति का विस्तार करते हुए युवा मोर्चा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। युवा मोर्चा की कार्यकारिणी मे सर्वसम्मति से अध्यक्ष शुभम सुमन, उपाध्यक्ष किट्टू सैनी, अभिषेक सैनी, कोषाध्यक्ष मोहित सुमन, महामंत्री अर्जुन सैनी, संगठन मंत्री मनोज सैनी सचिव हिमांशु सैनी आईटी सेल अविनाश सैनी, महावीर सैनी, कुणाल सैनी क़ो नियुक्त किया। इस दौरान समिति के वरिष्ठ सदस्यो ने युवा मोर्चा कार्यकारिणी का स्वागत किया। इस दौरान पूरब चंद सैनी, वल्लभ सैनी, महावीर देवडा, सत्यनारायण सैनी, ओम सवारवाल, सहित समाजबंधु मौजूद रहे।

पार्षद का जन्मदिन मनाया

बूंदी (निसं)। नगर परिषद वरिष्ठ पार्षद एवं जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष टीकम जैन का जन्मदिन कार्यकर्ताओं एवं आम जनों द्वारा विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य कर मनाया गया। इस दौरान पार्षद जैन द्वारा प्रातः गौशाला में पहुंचकर गौ पूजन की एवं गायों को हरा चारा खिलाया गया, इसके बाद सुदामा सेवा संस्थान वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के बीच उन्हें भोजन कराया गया। इसके बाद मूक बधिर विद्यालय पहुंचकर मूक बधिर बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। जैन के 48 वें जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा गौशाला परिसर में 48 पौधों का रोपण किया गया। मांधाता बालाजी मंदिर पहुंचकर विधि विधान के साथ बालाजी महाराज की पूजा अर्चना कर उन्हें चोला अर्पण किया। इस दौरान बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और मित्र मौजूद रहे।

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक की मांग

छबड़ा (निसं)। बिशनखेडा चेना गांव निवासी एक व्यक्ति ने सीबीईओ को ज्ञापन सौंपकर प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है। बिशनखेड़ा चेना निवासी दिनेश कुमार सेन ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि छबड़ा में प्राइवेट स्कूल अपनी मनमर्जी से प्राइवेट किताबों की रेट वसूल रहे हैं एवं अपने-अपने स्कूल की प्राइवेट किताबें, ड्रेस भी एक ही दुकान से लेना अनिवार्य कर रखा है। साथ ही टाइ बेल्ट की भी राशि मनमानी ढंग से वसूली जा रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि प्राइवेट स्कूल कमीशन पर किताबें और ड्रेस के लिए अपनी मर्जी से दुकान निर्धारित कर रखी है। क्या राज्य सरकार स्कूल को मान्यता देते समय इन विषयों की मान्यता देती है की स्कूल अपनी प्राइवेट किताबों, ड्रेस, बोर्ड फीस भी मनमाने ढंग से वसूल करे।

हज यात्रा से लौटने पर स्वागत किया

छबड़ा (निसं)। मक्का मदीना से हज यात्रा करके लौटे हाजियों का रविवार को छबडा पहुचने पर मुस्लिम समाज के लोगो ने रेलवे स्टेशन पर माला पहनाकर व मुह मीठा करवाकर स्वागत किया। पार्षद शाक़िर खान ने बताया कि क़स्बे के निवासी बाबू भाई व उनकी पत्नी तथा मिर्ज़ा उस्मान व उनकी पत्नी एवं लाडला भाई खाँखरा व उनकी माता 23 मई को पवित्र हज की यात्रा के लिए छबड़ा से मक्का मदीने के लिए रवाना हुए थे तथा मक्का मदीने में हज यात्रा करके रविवार को छबड़ा लौट गए। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगो ने बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन पहुंच कर हाजियों का माला पहनाकर व मुह मीठा करवाकर स्वागत किया गया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ी चयनित

बूंदी (निसं)। जिला बैडमिंटन संघ द्वारा स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में आयोजित बैडमिंटन खिलाड़ी चयन ट्रायल शिविर में चयन समिति द्वारा आगामी 11 जुलाई से जोधपुर में आयोजित होने जा रही राजस्थान रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए बूंदी टीम का चयन किया। चयन समिति प्रमुख मुकेश दाधीच ने बताया कि चयनित टीम में प्रतिभावान चयनित खिलाड़ी गुरुसेवक सिंह, विशाल राठौड़, कमलेश गुर्जर, हरीश कुमार, मृणाल सैनी का चयन किया गया है। ट्रायल शिविर के समय संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट भी मौजूद रहे।

उद्यम प्रोत्साहन योजना शिविर 10 को

कोटा, (निसं)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजनान्तर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन 10 जुलाई को पंचायत समिति ईटावा में दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा ने बताया कि शिविर में बीआरयूपीवाई योजना के आवेदन तैयार कराए जाएंगे और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वारोजगार से जोड़ने के लिए ऋण आवेदन पत्र भी भरवाए जाएंगे।

आज तीन घण्टे बिजली बन्द रहेगी

छबड़ा (निसं)। छबड़ा जीएसएस पर आइसोलेटर रिप्लेसमेंट कार्य होने के चलते आज मंगलवार को जीएसएस से सम्बंधित सभी शहरी ग ग्रामीण फीडरों की विधुत सप्लाई 3 घण्टे बन्द रहेगी। सहायक अभियंता रजनीश चावला ने बताया कि आज मंगलवार को छबड़ा जीएसएस पर आइसोलेटर रिप्लेसमेंट कार्य होने के चलते जीएसएस से निकलने वाले सभी शहरी व ग्रामीण फीडरों की विधुत आपूर्ति सुबह 7 बजे से सुबह 10 बजे तक बंद रहेगी।

सी.ए.डी. प्रशासन से किसान प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई

■ किसानों के लंबे संघर्ष के दम पर 10 जुलाई से नहरी पानी छोड़ने की घोषणा की

कोटा, (निसं)। किसानों के लंबे संघर्ष और व्यापक एकता के बल पर सीएडी प्रशासन ने खरीफ की फसलों के लिए 10 जुलाई से नहरों में पानी छोड़ने की घोषणा की।

किसान नहरी पानी की मांग को लेकर पिछले 20 दिनों से किसान दलीय और जातीय भावना से ऊपर उठकर लगातार आंदोलनरत थे। जिससे प्रभावित होकर प्रशासन ने किसानों के हित में निर्णय किया।

किसानों की मांग को देखते हुए राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन पर दबाव बनाया। सोमवार को भी किसानों ने सीएडी कार्यालय पर एकत्रित होकर आगामी आंदोलन की चेतावनी दे रखी थी जिसको देखते हुए प्रशासन के अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बृजमोहन बैरवा ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की।

युवा किसान नेता गिर्राज गौतम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वार्ता की जिसमे घोषणा की गई कि 10 जुलाई को सुबह नहरों में पानी प्रवाहित कर दिया जाएगा। इस पर किसानों ने सीएडी प्रशासन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने कहा कि यह किसानों के संघर्ष की जीत है पिछले वर्ष भी किसानों के संघर्ष के बल पर नहरों में पानी छूटा था इस वर्ष भी किसानों ने संघर्ष किया नहरों में पानी छोड़ने से किसानों की हजारों करोड़ों की होने वाली आर्थिक हानि से भी बचाव होगा।

प्रतिनिधिमंडल में नवीन श्रृंगी, पुष्प चंद गुर्जर, भंवर लाल चौधरी, रामस्वरूप पहाड़, जसपाल सिंह, जसपाल ठाकुर, शंकर लाल नागर, रूप शंकर सुमन आदि किसान नेता उपस्थित रहे।

वर्षा ऋतु में पौधारोपण के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें अधिकारी : ए.डी.एम.

बूंदी (निसं)। पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पेयजल उपलब्धता, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों के द्वारा आगामी वर्षा ऋतु के दौरान अपने कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जिन स्थानों पर पानी एकत्रित रहता है वहां एंटी लार्वा के लिए एमएलओ का छिड़काव हो। सभी कार्यालयों में राजकार्य ईफाइलिंग के माध्यम से ही संपादित किए जावे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व कृषि विभाग ई फाईलिंग की प्रगति बढाए। उन्होंने जिला परिषद और शिक्षा विभाग बारिश के मौसम में पौधारोपण करवाने के लिए रोड मैप तैयार कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत होने वाले पौधारोपण की जियो टैगिंग भी करवाई जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो। इसके अलावा कृषि कनेक्शन जारी करने के कार्य में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतें और राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार कनेक्शन जारी करने की कार्यवाही की जावे। उन्होंने जिले में पेयजल प्रबंधों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर मुहैया करवाई जावे।उन्होंने निर्देश दिए कि नगर परिषद वर्षा ऋतु से पहले सभी छोटे बडे नालों की सफाई कराना सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली ने बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गाशंकर मीणा, विद्युत निगम एसई केके शुक्ला, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक महेश शर्मा, पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का शुभारंभ

बूंदी (निसं)। प्रदेश में युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का शुभारंभ किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतत्व में श्सशक्त युवा, समृद्ध राजस्थानश् के संकल्प के अनुरूप पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ भर्तियां होने से युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिलेगी और अब युवाओं को सरकारी नौकरी की भर्ती के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग से भी भर्तियों का कैलेंडर तैयार किया जा रहा है।

राज्य सरकार सरकार नई भर्तियों और खाली पदों पर नियुक्तियों को लेकर पूरी तत्परता से काम कर रही है। इससे राज्य के विभागों में रिक्त पदों की समस्या नहीं रहेगी। समय पर भर्ती विज्ञापन निकलें, नियमित परीक्षा हो और साक्षात्कार भी समय पर हों , ताकि किसी भी स्तर पर भर्तियां लंबित नहीं रहें, इसके लिए राज्य सरकार ने सभी प्रबंध किए हैं।

राज्य सरकार द्वारा भर्तियों के जरिए सरकारी नौकरी पाने वाले कार्मिकों को संभाग स्तर पर रोजगार उत्सव का आयोजन कर नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। नव नियुक्त कार्मिकों को अपने कौशल का विकास करते हुए कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी से करते हुए लोक कर्तव्य की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रोजगार उत्सव कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के 166, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के 36, वन विभाग के 40, पुलिस, भूजल व मत्स्य विभाग के एक-एक नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

उर्स के पहले दिन मिलाद की महफिल सजी

झालावाड़ (निसं)। हजरत ख्वाजा हमीदुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह मिठ्ठे महावली सरकार के आस्थाने पर उर्स के पहले दिन रविवार को ईशा की नमाज के बाद मिलाद की महफिल सजी इसमें नातख्वाह शकील रजा कादरी एण्ड पार्टी ने मिलाद शरीफ सुनाई पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा की शान में एक से बढ़कर एक नात ए पाक पेश की। इसी तरह मिठ्ठे महावली सरकार की शान में मनकवत पेश की गई। मिलाद के बाद कोटा से आये मौलाना अलाउद्दीन ने तकरीर पेश की और इस्लाम पर रोशनी डाली। समाज के नौजवानो से नेक रास्ते पर चलने, नमाज पढ़ने पर और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के बारे में कहा।

स्कूल में वाटर कूलर भेंट किया

बूंदी (निसं)। सोमवार को महारानी बालिका सीनियर स्कूल में रोटरी क्लब की ओर से वाटर कूलर का लोकार्पण संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) तेज कंवर के मुख्यातिथ्य और इनरव्हील क्लब अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा दीक्षित की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पटौदी, सहायक प्रांत पाल घनश्याम जोशी, केसी वर्मा, त्रिलोक जैन, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश गोस्वामी मंचासीन रहे। छात्राओं की सुविधा के लिए उक्त 150 लीटर का वाटर कूलर रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सेठी द्वारा अपने पिता स्वर्गीय गोविंद दत्त दौराश्री और माता कैलाश देवी दौराश्री की स्मृति में के लिए लगाया गया हैं।

वाटर कूलर लोकार्पण के पश्चात विद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान लक्ष्मी चंद गुप्ता, महेंद्र जैन, चंद्रभानु लाठी, हासम भाई, जगदीश जेथलिया, जितेंद्र छाबड़ा, प्रेम बाहेडिया, सतनारायण सारस्वत, ध्रुव व्यास, राकेश सुवालका, निखिल मूलचंदानी, असरार अंसारी, दिनेश दाधीच, आलोक दधीच, डॉक्टर सुलोचना शर्मा शक्ति तोषनीवाल, पार्षद प्रेम प्रकाश एवरग्रीन, सहित रोटरी क्लब के सदस्य और विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य कनक शर्मा ने आभार जताया। संचालन व्याख्याता भूपेंद्र शर्मा ने किया।

राजस्व वसूली की दिशा में विशेष प्रयास कर प्रगति बढ़ाई जाये : जिला कलेक्टर

बून्दी (निसं)। जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों, लंबित राजस्व प्रकरणों के निस्तारण सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेकर इनके निस्तारण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी राजस्व वसूली के लक्ष्य अर्जित करने की दिशा में विशेष प्रयास करें और वसूली की प्रगति बढाएं। राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण करने के लिए नियमित सुनवाई की जावे। साथ ही राज्य सरकार के निर्देशानुसार तामील संबंधी प्रकरणों एवं अन्य राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि इजराय के प्रकरणों में सभी उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्ति सुनिश्चित करें और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जावे। इसके अलावा ऐसे राजस्व प्रकरण जो 10 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित हैं उनका प्राथमिकता से निस्तारण किया जावे। उन्होंने लाखेरी एसडीएम लाखेरी को निर्देश दिए मुआवजे का प्रस्ताव बनाकर सार्वजनिक निर्माण विभाग को भिजवाना सुनिश्चित करें, ताकि ब्रिज का कार्य शुरू करवाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए सभी उपखण्ड अधिकारी चिकित्सा विभाग के सब सेंटरों निर्माण के लिए भूमि आवंटन करें। साथ ही जिन स्थानों पर भूमि आवंटन है, उनका कब्जा चिकित्सा विभाग को संभलवाना सुनिश्चित करें।

जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील स्तर के कार्यालयों में राजकाज के माध्यम से सभी कार्य संपादित कराएं जाएं। इस कार्य को प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बीसीएमएचओ भूमि आवंटन एवं कब्जा स्थानांतरण के प्रकरणों के मामलों में संबंधित उपखण्ड अधिकारी से समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सहायता कोष में लंबित आर्थिक सहायता के प्रकरणों को तुरंत निस्तारण किया जावे। इसके अलावा आरआरसी के पेडिंग प्रकरणों में संबंधित विकास अधिकारियों के साथ वार्ता कर इनका निस्तारण किया जावे।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतवार तामील प्रकरणों के प्रकरण लंबित नहीं रहे, इसके लिए प्रभावी तरीके से कार्य हो। इसके अलावा संबंधित राजस्व अधिकारियों के साथ अभियान के क्रियान्वयन के लिए बेहतर रोडमैप बनाएं। राजस्व से संबंधित कार्य के महत्व को देखते हुए बकाया प्रकरणों के निस्तारण व लक्ष्य अर्जित करने की कार्रवाई हो। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों की तय समय पर प्राप्ति सुनिश्चित की जावे। गैर खातेदारी से खातेदारी के प्रकरणों में नियमानुसार कार्यवाही की जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि लोकायुक्त, सीएमओ, एसटी एससी आयोग, महिला आयोग , मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जावे।

जिला कलेक्टर ने गैर खातेदारी से खातेदारी, नामांतरण, सीमाज्ञान, राजस्व वसूली, फौजदारी प्रकरण, इजराय, सीलिंग प्रकरण, भू राजस्व अधिनियम की विभिन्न धाराओं, भूमि रूपांतरण प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सम्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन कार्यों की टेण्डर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, उनके कार्य शीघ्र शुरू करवाए जाए। संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण हो और इसमें अवधि का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में शमशान के लिए भूमि आवंटन किया जाना है, उसके प्रस्ताव भिजवाना सुनिश्चित करें। साथ ही पुलिस थानों के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव भी भिजवाए जाएं।

उन्होंने कहा कि जिले में राजकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए। साथ ही अधिक लंबित प्रकरणों का निस्तारण करें। लंबित प्रकरणों की नियमित सुनवाई कर निस्तारण के पूरे प्रयास हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालयों में सभी तरह के कार्य राजकाज के माध्यम से संपादित किए जाए। मोटर दुर्घटना प्रकरणों एवं आर्थिक सहायता प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जावे।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली, तालेडा उपखण्ड अधिकारी एचडी सिंह, उपखंड अधिकारी हिंडोली-नैनवा विनोद कुमार मीणा, उपखंड अधिकारी लाखेरी कैलाश चन्द गुर्जर, उपखंड अधिकारी केशोरायपाटन दीपक महावर सहित राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।